




विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए श्री कृष्ण चंद एवं उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए डॉ. शशिकांत सिंह

**दिनांक : 03 फरवरी, 2025** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित फार्मेसी संकाय में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय था 'औषधीय औद्योगिकी का परिचय'। व्याख्यान में सी.ओ.ई. (उत्कृष्टता केंद्र) प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के हेड, श्री कृष्ण चंद, मुख्य वक्ता थे। श्री कृष्ण चंद ने फार्मास्युटिकल उद्योग के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को फार्मास्युटिकल उद्योग की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने छात्रों को फार्मास्युटिकल उद्योग और शिक्षा के बीच संबंधों के महत्व को भी समझाया और उन्हें फार्मास्युटिकल उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार अपने कौशल और ज्ञान को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। फार्मेसी संकाय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. शशिकांत सिंह जी ने कहा कि इस तरह के अतिथि व्याख्यान छात्रों को उद्योग जगत के बारे में जानने और समझने का एक अच्छा अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों

का आयोजन करता रहेगा।

व्याख्यान के अंत में फार्मेसी संकाय के सहायक आचार्य श्री पीयूष आनन्द जी ने आभार व्यक्त किया। इस व्याख्यान के दौरान फार्मेसी संकाय के शिक्षकगण में श्री दिलीप मिश्रा, श्री पियूष आनंद, श्रीमती जूही तिवारी एवं फार्मेसी संकाय के विद्यार्थी उपस्थित रहें।